प्रेषक,

राकेश वर्मा,
अपर प्रधान न्यायाधीश–प्रथम,
परिवार न्यायालय,
प्रतापगढ़।

द्वारा– श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
प्रतापगढ़।

सेवा में,

श्रीमान् निबन्धक (न्यायिक) (सेवायें),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

महोदय,

मेरी नियुक्ति वर्ष 2018 में जनपद प्रतापगढ़ में हुई थी। स्थानान्तरण के पश्चात मेरे बच्चों की पढ़ाई लखनऊ में हो रही है। स्थानान्तरण के समय मेरा पुत्र आर्यन वर्मा कक्षा 9 में सिटी मान्टेसरी स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ में तथा दूसरा पुत्र आदित्य वर्मा कक्षा 6 में एडमीशन लिया। मेरे बच्चे लखनऊ में ही पढ़ रहे है। बच्चों की देखभाल हेतु मेरी पत्नी बच्चों के साथ किराये पर कमरा लेकर लखनऊ में रह रही हैं। साथ में और कोई रहने वाला नहीं है। प्रत्येक हफ्ते अवकाश होने पर लखनऊ जाता हूँ। सड़क मार्ग से स्वयं वाहन चलाने में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वर्तमान में कोविड–19 की समस्या को देखते हुए, मेरा बच्चों के साथ रहना आवश्यक है। चूँकि मैं प्रतापगढ़ में वर्ष 2018 से अकेले रह रहा हूँ। वर्तमान की महामारी को देखते हुए बच्चों की देखभाल आवश्यक है। साथ ही वर्ष 2018 से प्रतिनियुक्ति हेतु लगभग पन्द्रह आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये, परन्तु मेरी आवश्यकता को आवश्यक नहीं समझा गया।

मेरी नियुक्ति लखनऊ में की जाये, जिससे कि अपने बच्चों के साथ रहकर लखनऊ में देखभाल कर सकूँ। आपकी महती कृपा होगी।

सादर।

भवदीय,

Rakesh Verma

(राकेश वर्मा)
अपर प्रधान न्यायाधीश–प्रथम,
परिवार न्यायालय,
प्रतापगढ़।

दिनांक 19.11.2020